# JAI NARAIN VYAS UNIVERSITY
# JODHPUR

## 2016 - 2021

3.6.1 Extension activities in the neighbourhood community in terms of impact and sensitising students to social issues and holistic development during the last five years.

# ADULT EDUCATION CENTRE

2

3.6. 3 Number of extension and outreach programs conducted by the institution through NSS/NCC/Red cross/YRC etc. during the last five years ( including Government initiated programs such as Swachh Bharat, Aids Awareness, Gender Issue, etc. and those organised in collaboration with industry, community and NGOs) (12)

3.6.4 Average percentage of students participating in extension activities listed at 3.6.3 above during the last five years(12)

| Name of the activity | Organising unit/ agency/ collaborating agency | Name of the scheme | Year of the activity | Number of students participated in such activities |
|---|---|---|---|---|
| Skill/capacity building worl | Affiliated colleges of JNVU | Adult cont. Edu. And life lo | 2015-16 | 1684 |
| Skill/capacity building worl | Affiliated colleges of JNVU | Adult cont. Edu. And life lo | 2016-17 | 1210 |
| Skill/capacity building worl | Affiliated colleges of JNVU | Adult cont. Edu. And life lo | 2017-18 | 805 |
| Skill/capacity building worl | Affiliated colleges of JNVU | Adult cont. Edu. And life lo | 2018-19 | 1190 |
| Skill/capacity building worl | Affiliated colleges of JNVU | Adult cont. Edu. And life lo | 2019-20 | 1885 |
| Skill/capacity building worl | Affiliated colleges of JNVU | Adult cont. Edu. And life lo | 2020-21 | 1420 |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

This is to certify thar the information given above is correct.

**DOCUMENTS AND INSTRUCTIONS**

Director

Geo-tagged Photographs and any other supporting document of relevance should have proper captions and dates.
Detailed report for each extension and outreach program to be made available, with specific mention of number of students participated and the details of the collaborating agency

Extension activities: The aspect of education, which emphasizes neighbourhood services. These are often integrated with curricula as extended opportunities intended to help, serve reflect and learn. The curriculum- extension interface has educational values, especially in rural India
? Can be supplemented with Newspaper reports of events.
During the DVV clarification process, HEI may be asked for student attendance documents / certificates for selected outreach/ extension activities.

Events conducted for the benefit of their own students not to be included under outreach programs

2015-16

Deptt. of Adult & Continuing Education
Jai Narain Vyas University
JODHPUR-342 005 (Raj.)

DB स्टार JODHPUR, FRIDAY, 15/01/2016

# युवा पीढ़ी स्वामी विवेकानंद के प्रेरक प्रसंगों को अपनाएं : कल्ला



**जोधपुर.** महिला पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब व जेएनवीयू प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व युवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरुवार को एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता इसरो के पूर्व वैज्ञानिक प्रो. ओपीएन कल्ला ने की। प्रो. कल्ला ने वर्तमान युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के प्रेरक प्रसंगों को अपनाते हुए लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की बात कही। जेएनवीयू के कला संकाय के पूर्व अधिष्ठाता प्रो. केएल.राजपुरोहित, जेएनवीयू प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग के निदेशक प्रो. ओपी टाक ने भी संबोधित किया। जयनारायण व्यास शिक्षण संस्थान अध्यक्ष केसी व्यास, सूरज प्रकाश व्यास ने स्वयं सेविकाओं को युवा सप्ताह की बधाई दी। इसी श्रृंखला में प्रशासनिक सेवानिवृत्त श्यामलाल हर्ष ने स्वामी विवेकानंद के सनातन धर्म की चर्चा करते हुए उनके शिकागो यात्रा का वर्णन किया एवं गुरू शिष्य परंपरा का वर्तमान परिपेक्ष में औचित्य को बताया। कॉलेज सचिव प्रो. एसपी व्यास ने स्वंय सेविकाओं को 'विश्व बंधुत्व' की शपथ दिलाई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनोरमा उपाध्याय ने बताया कि इस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस दौरान स्वंय सेविकाओं ने पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया।

दैनिक नवज्योति
शुक्रवार
15 जनवरी 2016

# महिला पीजी महाविद्यालय में विश्व युवा सप्ताह जारी

नवज्योति/जोधपुर।



महिला पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन व जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व युवा सप्ताह मनाया जा रहा है।

जयनारायण व्यास शिक्षण संस्थान अध्यक्ष केसी व्यास, सूरजप्रकाश व्यास ने स्वयंसेविकाओं को युवा सप्ताह की बधाई दी। प्राचार्या डॉ. मनोरमा उपाध्याय ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के विचारों की वर्तमान में प्रासंगिता विषयक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता इसरो के पूर्व वैज्ञानिक प्रो. ओपीएन कल्ला ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी को स्वामीजी के प्रेरक प्रसंगों को अपनाते हुए लक्ष्य निर्धारित जीवन प्रारंभ करना चाहिये। मुख्य वक्ता जेएनवीयू कला संकाय के पूर्व अधिष्ठाता प्रो. केएल राजपुरोहित ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिये स्वामीजी का साहित्य युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। जेएनवीयू प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग के निदेशक प्रो. ओपी टाक ने युवाओं के समक्ष आ रही चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। श्यामलाल हर्ष ने गुरू-शिष्य परंपरा का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में औचित्य बताया। महाविद्यालय सचिव प्रो. एसपी व्यास ने विश्व बंधुत्व की शपथ दिलाई। युवा सप्ताह के तहत आयोजित पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता में बीकॉम ऑनर्स फाइनल की राखी दास प्रथम रहीं। बीए प्रथम वर्ष की पायल कंवर द्वितीय रहीं। सचिव प्रो. एसपी व्यास ने आभार व्यक्त किया तथा संचालन डॉ. सुनिता बोहरा ने किया।

2015-16

Deptt. of Adult & Continuing Education
Jai Narain Vyas University
JODHPUR-342 005 (Raj.)

दैनिक नवज्योति

रविवार, 5 जुलाई 2015

## स्वामी विवेकानन्द की पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन

**नवज्योति/जोधपुर।**

कमला नेहरू नगर स्थित लक्की इस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में स्वामी विवेकानन्द की पुण्य तिथि पर स्वामी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. चन्द्रशेखर एवं प्रौढ़ एवं सतत् शिक्षा विभाग के डॉ. ओ. पी. टाक तथा स्वामी विवेकानन्द केन्द्र के अमित ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया।

प्रो. चन्द्रशेखर ने विद्यार्थियों को स्वामी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर एक योद्धा और एक तपस्वी की तरह अपने जीवन को जीने के लिए प्रेरित किया।

ओ. पी. टाक ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानन्द की जीवन शैली से परिचित करवाया तथा बताया कि किस प्रकार स्वामी जी की जीवन शैली से उन्होंने प्रेरणा प्राप्त की।

अमित ने स्वामी विवेकानन्द की जीवन में घटित प्रमुख घटनाओं का वर्णन करते हुए उनके जीवन से परिचित करवाया। कार्यक्रम के अंत पर संस्थान के प्राचार्य अर्जुनसिंह सांखला ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

वुमन भास्कर

दैनिक भास्कर, जोधपुर, रविवार, 5 जुलाई, 2015

## विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लें


जोधपुर. लक्की इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. चंद्रशेखर स्वामी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर एक योद्धा और एक तपस्वी की तरह अपने जीवन को जीने के लिए प्रेरित किया। प्रौढ़ एवं सतत् शिक्षा विभाग के डॉ. ओपी टाक बताया कि किस प्रकार स्वामी विवेकानंद की जीवन शैली से उन्होंने प्रेरणा प्राप्त की। स्वामी विवेकानंद केंद्र के अमित ने जीवन में घटित प्रमुख घटनाओं का वर्णन करते हुए उनके जीवन से परिचित करवाया। संस्थान के प्राचार्य अर्जुनसिंह सांखला ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

2015-16

Deptt. of Adult & Continuing Education
Jai Narain Vyas University
JODHPUR-342 005 (Raj.)

# विद्यार्थी जीवन का ध्येय लक्ष्य निर्धारण: भट्ट

**नवज्योति/जोधपुर।**



महिला पीजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों एवं प्रौढ़ व सतत शिक्षा विभाग जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनोरमा उपाध्याय ने नवागंतुक छात्राओं के लिए व्यक्तिगत विकास विषयक कार्यशाला को उपयोगी बताया। प्रौढ़ व सतत शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. ओपी टाक ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए शिक्षा का महत्व बताया। इस अवसर पर व्यक्तित्व विकास गुरु अरविन्द भट्ट ने स्वयं सेविकाओं को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारण का महत्व बताया एवं व्यक्तित्व विकास में शिक्षा की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। योग गुरु प्रो. अंबिका चंदानी ने राष्ट्रीय सेवा योजना पर प्रकाश डालते हुए स्वयं सेविकाओं को स्वस्थ शरीर हेतु योग विषय पर व्याख्यान देते हुए योगिक क्रियाएं बताई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा हटीला, डॉ. सुनिता बोहरा, डॉ. संजय बोहरा के निर्देशन में स्वयं सेविकाओं ने कार्यशाला में भाग लेते हुए व्यक्तित्व विकास के कई पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।

## पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

सच्चा हमसफर
दैनिक नवज्योति
जोधपुर, शुक्रवार, 14 अगस्त 2015

सिटी पत्रिका
जोधपुर. शुक्रवार. 14.08.2015 राजस्थान पत्रिका 05

# सिखाए व्यक्तित्व विकास के गुर



**जोधपुर @ पत्रिका.** कमला नेहरू नगर स्थित महिला पीजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों एवं जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के प्रौढ़ व सतत शिक्षा विभाग की साझेदारी में गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला हुई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मनोरमा उपाध्याय ने बताया कि नवागंतुक छात्राओं के लिए व्यक्तिगत विकास विषयक कार्यशाला रखी गई थी। प्रौढ व सत्त शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. ओपी टाक ने स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करते हुए शिक्षा के महत्व को बताया। व्यक्तित्व विकास के मोटीवेशन गुरु अरविन्द भट्ट ने स्वयंसेविकाओं को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारण का महत्व बताया एवं व्यक्तित्व विकास में शिक्षा की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। योग आचार्या

2016-17

Deptt. of Adult & Continuing Education
Jai Narain Vyas University
JODHPUR-342 005 (Raj.)

Jodhpur . Sunday
31/07/2016

CITYZONE

# सिखाए व्यक्तित्व विकास के गुर



महर्षि दधीचि महिला महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित छात्राएं।

जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के आजीवन शिक्षा विभाग व महर्षि दधीचि महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में व्यक्तित्व विकास विषय पर शनिवार को महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया।

संस्थान प्रवक्ता आशुतोष दाधीच ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जेएनवीयू में मनोविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एके मलिक ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के गुर सिखाए।

विशिष्ट अतिथि आजीवन शिक्षा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. ओपी टाक ने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम करने व पानी का दुरुपयोग रोकने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. ज्योति गोस्वामी ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय व्याख्याता डॉ. शिल्पी शर्मा, किरणसिंह, डॉ. सुनीताकुमार, डॉ. प्रवेश कुमार, शिवकुमार शिवेन, राजेश कंसारा, योगेश कुमार देशवा व संजूलता उपस्थित थे।

---

## स्वयं चयापादी न बनकर कर्मवादी बनें : प्रो. मलिक

सेमिनार में छात्राओं को सिखाए व्यक्तित्व विकास के गुर



2017 - 18

Deptt. of Adult & Continuing Education
Jai Narain Vyas University
JODHPUR-342 005 (Raj.)

# धर्म . समाज . संस्था

दैनिक भास्कर जोधपुर, मंगलवार 4 दिसंबर, 2018

## व्यक्तित्व विकास के गुर बताए मतदान के लिए किया प्रेरित

जोधपुर| श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन महाविद्यालय व जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय जीवन दक्षता कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. दीपिका दुगड़ ने बताया कि पहले दिन जेएनवीयू के मनोविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एके मलिक ने व्यक्तित्व विकास के विषय में बताते हुए विद्यार्थी जीवन में आत्म विश्लेषण करने तथा विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक रहते हुए जीवन में निरंतर अभ्यासरत रहने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। जेएनवीयू के राजनीति विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. पीएस भाटी व दीपक बिस्सा ने संसदीय लोकतंत्र व मतदाता जागरूकता पर युवाओं को मतदान करने तथा दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। डॉ. ओपी टाक ने जीवन के उद्देश्यों के विषय में जागरूक रहने तथा लक्ष्य निधारित कर उसे पूरा करने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

सच्चा हमसफर
# दैनिक नवज्योति

जोधपुर, मंगलवार, 4 दिसंबर 2018

## व्यक्तित्व विकास के गुर बताए

**नवज्योति/जोधपुर।**

श्रीनाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन महाविद्यालय एवं जेएनवीयू के तत्वावधान में जीवन दक्षता कार्यशाला हुई। कार्यशाला के प्रथम दिवस में जेएनवीयू के मनोविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एके मलिक ने व्यक्तित्व विकास के विषय में बताते हुए विद्यार्थी जीवन में आत्म विश्लेषण करने तथा विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक रहते हुए जीवन में हार न मानना और निरन्तर अभ्यासरत रहने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उद्यमी नीलेश संचेती ने भी विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने तथा नियमों व सिद्धांतों का पालन करने की सलाह दी। दीपक बिस्सा ने विद्यार्थियों को बताया कि सकारात्मक दृष्टिकोण से सफलता पा सकते है। कार्यशाला के अंतिम चरण में जेएनवीयू के प्रो. पीएस भाटी ने संसदीय लोकतंत्र एवं मतदाता जागरूकता के विषय में बताते हुए युवाओं को मतदान का प्रतिशत बढाने में योगदान देने, अपने मत का सही उपयोग करने एवं मतदान के प्रति दूसरों को जागरूक करने तथा नव मतदाताओं को वोट देने व दिलवाने का संकल्प करवाया।


कार्यक्रम में जेएनवीयू के डॉ. ओपी टाक ने विद्यार्थियों को जीवन के उद्देश्यों के विषय में जागरूक रहने,

2018-19

Deptt. of Adult & Continuing Education
Jai Narain Vyas University
JODHPUR-342 005 (Raj.)

राजस्थान पत्रिका जोधपुर, मंगलवार 29 जनवरी, 2019
patrika.com

# वृद्धावस्था के साथ होने वाली मानसिक बीमारियों पर व्याख्यान



जोधपुर @ पत्रिका. प्रौढ सतत एवं आजीवन शिक्षा विभाग जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय तथा केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति के संयुक्त तत्वावधान में गांधी भवन में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला मे वृद्धावस्था के साथ होने वाली मानसिक बीमारियों पर डॉ नगेन्द्र शर्मा ने व्याख्यान दिया।

उन्होंने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ मस्तिष्कीय कार्यप्रणाली में भी परिवर्तन शुरू हो जाते हैं। लगातार होने वाले विभिन्न रासायनिक रि या हार्मोन व न्यूरोट्रासमीटर के स्राव में कमी के कारण बढ़ती उम्र के साथ विभिन्न बीमारिया पैदा होने लगती हैं। उनमें से मुख्य हैं पार्किंसन एडिमेन्शिया व एलजाइमर्स आदि हैं। डॉ शर्मा ने बीमारियों के बारे में विस्तार से समझाते हुए इनके लक्षण, उपचार व निदान पर प्रकाश डाला। इन बीमारियों से बचने के लिए उम्र के साथ संतुलित भोजन, व्यायाम व अन्य बीमारिया जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप को नियंत्रित रखना चाहिए। वरिष्ठ नागरिकों के सवालों के जवाब भी डॉ नगेन्द्र शर्मा ने दिए। डॉ ओमप्रकाश टाक ने आभार जताया।

दैनिक प्रतिनिधि
निर्भीक अभिव्यक्ति, स्वतंत्र चिन्तन, सांस्कृतिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रहरी
• जोधपुर सोमवार 28 जनवरी 2019

# खान-पान, शरीर, मन, बुद्धि व आध्यत्मिकता से बना हैं स्वस्थ जीवन

जोधपुर (नस)। केन्द्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति डिपार्टमेन्ट ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग जोधपुर विश्वविद्यालय के सहयोग से यह किस तरह से ये जीवन का अंतिम पड़ाव खुशी व सुकुन से व्यतीत किया जाये'' विषय पर आधरित कार्यशाला का आयोजन रेज़ीडेन्सी रोड स्थित गांधी भवन में आयोजित किया गया।

कार्यशाला में अतिथियों ने अपने उद्बोधन व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के बारे मे हमे हमेशा छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये।

हमें अपने स्वस्थ जीवन को सही रखने के लिये परिवार मे सामंजस्य रखना चाहिए व खान-पान, शरीर, मन, बुद्धि व आध्यत्मिकता सभी मिलकर ही हमें स्वस्थ जीवन प्रदान करती है।

# जोधपुर में उत्साहपूर्वक मनाया

दैनिक जलते दीप
जोधपुर, मंगलवार 29 जनवरी 2019 11




कार्यशाला को संबोधित करते अतिथि। जलतेदीप

# मन, बुद्धि व आध्यत्मिकता ही स्वस्थ जीवन की कुंजी

जोधपुर, 28 जनवरी (कासं)। स्वास्थ्य के बारे में हमें हमेशा छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना हमारी पहली प्राथमिकता में होनी चाहिये। हमें अपने स्वस्थ जीवन को सही रखने के लिये परिवार में सामंजस्य रखना चाहिए व खान-पान, शरीर, मन, बुद्धि व आध्यत्मिकता सभी मिलकर ही हमें स्वस्थ जीवन प्रदान करती है। यह उद्गार केन्द्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति राजस्थान की जोधपुर शाखा व डिपार्टमेन्ट ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग जोधपुर विश्वविद्यालय के सहयोग से ''यह किस तरह से ये जीवन का अंतिम पड़ाव खुशी व सुकुन से व्यतीत किया जाये'' विषय पर आधरित कार्यशाला में अतिथियों ने व्यक्त किए। रेजीडेन्सी रोड स्थित गांधी भवन में आयोजित कार्यशाला के मुख्य अतिथि चक्रवती सिंह थे। प्रदेशाध्यक्ष अजीत सिंह खेडा ने अध्यक्षता की। प्रोफेसर ओ.पी.टाक, चरणजीत सिंह छाबडा व नरेन्द्र सिंह परिहार विशिष्ट अतिथ्य के रूप में मौजूद थे।

**इन्होने किया संबोधित-** प्रवक्ता शौकत अली लोहिया ने बताया कि कार्यशाला में अतिथियों ने शहर खतीब व पेश इमाम मोहम्मद तयब अंसारी, डॉ. नगेन्द्र शर्मा, डॉ. जेबा रशीद, शायर हबीब कैफी, श्रीमती रूपेन्द्र कौर, तेजसिंह चौधरी, पुरण सिंह बिदावत, घेवर चन्द, अशफाक अहमद, जसमित कौर, डॉ. भावेन्द्र शरद जैन, भोपाल चन्द भण्डारी ने चिकित्सा, व्यायाम, तनाव रहित जीवन व्यतीत करने की कला, रोजमर्रा की जिन्दगी जीने में बदलाव, नशा मुक्ति, आवश्यकताओं को कम अथवा समिति करना, भौतिक संसाधनों पर निर्भर नहीं रहना आदि विषयों पर अपनी वार्ताओं से आमजन को जागरूक किया।

2018-19

Deptt. of Adult & Continuing Education
Jai Narain Vyas University
JODHPUR-342 005 (Raj.)

धर्म . समाज . संस्था
दैनिक भास्कर जोधपुर, मंगलवार 4 दिसंबर, 2018

## व्यक्तित्व विकास के गुर बताए मतदान के लिए किया प्रेरित

**जोधपुर|** श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन महाविद्यालय व जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय जीवन दक्षता कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. दीपिका दुगड़ ने बताया कि पहले दिन जेएनवीयू के मनोविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एके मलिक ने व्यक्तित्व विकास के विषय में बताते हुए विद्यार्थी जीवन में आत्म विश्लेषण करने तथा विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक रहते हुए जीवन में निरंतर अभ्यासरत रहने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। जेएनवीयू के राजनीति विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. पीएस भाटी व दीपक बिस्सा ने संसदीय लोकतंत्र व मतदाता जागरूकता पर युवाओं को मतदान करने तथा दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। डॉ. ओपी टाक ने जीवन के उद्देश्यों के विषय में जागरूक रहने तथा लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

सच्चा हमसफर
दैनिक नवज्योति
जोधपुर, मंगलवार, 4 दिसंबर 2018

## व्यक्तित्व विकास के गुर बताए

**नवज्योति/जोधपुर।**

श्रीनाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन महाविद्यालय एवं जेएनवीयू के तत्वावधान में जीवन दक्षता कार्यशाला हुई। कार्यशाला के प्रथम दिवस में जेएनवीयू के मनोविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एके मलिक ने व्यक्तित्व विकास के विषय में बताते हुए विद्यार्थी जीवन में आत्म विश्लेषण करने तथा विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक रहते हुए जीवन में हार न मानना और निरन्तर अभ्यासरत रहने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उद्यमी नीलेश संचेती ने भी विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने तथा नियमों व सिद्धांतों का पालन करने की सलाह दी। दीपक बिस्सा ने विद्यार्थियों को बताया कि सकारात्मक दृष्टिकोण से सफलता पा सकते है। कार्यशाला के अंतिम चरण में जेएनवीयू के प्रो. पीएस भाटी ने संसदीय लोकतंत्र एवं मतदाता जागरूकता के विषय में बताते हुए युवाओं को मतदान का प्रतिशत बढाने में योगदान देने, अपने मत का सही उपयोग करने एवं मतदान के प्रति दूसरों को जागरूक करने तथा नव मतदाताओं को वोट देने व दिलवाने का संकल्प करवाया।

कार्यक्रम में जेएनवीयू के डॉ. ओपी टाक ने विद्यार्थियों को जीवन के उद्देश्यों के विषय में जागरूक रहने,

Deptt. of Adult & Continuing Education
Jai Narain Vyas University
JODHPUR-342 005 (Raj.)

2018-19

राजस्थान
दैनिक भास्कर, जोधपुर, मंगलवार, 29 जनवरी, 2019

# कार्यशाला में वृद्धावस्था में होने वाली बीमारियों के लक्षण व उपचार की जानकारी दी, बेहतर स्वास्थ्य के गुर बताए




**जोधपुर।** प्रौढ़ सतत एवं आजीवन शिक्षा विभाग जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय व केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति के संयुक्त तत्वावधान में गांधी भवन में कार्यशाला हुई। पूर्व सरपंच चक्रवती सिंह के मुख्य आतिथ्य, महासमिति प्रदेशाध्यक्ष अजीतसिंह खेड़ा की अध्यक्षता व प्रो. ओपी टाक, अध्यक्ष चरणजीतसिंह छाबड़ा, महासचिव नरेंद्रसिंह परिहार के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यशाला में अतिथियों ने कहा कि स्वस्थ जीवन को सही रखने के लिए परिवार में सामंजस्य रखना चाहिए। इसमें डॉ. नगेंद्र शर्मा ने वृद्धावस्था के साथ होने वाली मानसिक बीमारियों पर व्याख्यान दिया। विभिन्न रासायनिक क्रिया, हार्मोन व न्यूरो ट्रांसमीटर के स्राव में कमी के कारण बढ़ती उम्र के साथ बीमारियां होने लगती हैं। उनमें से पार्किंसन, डिमेंशिया, अल्जाइमर्स आदि मुख्य हैं। इन बीमारियों के लक्षण, उपचार व निदान की जानकारी दी।

दैनिक नवज्योति
JODHPUR मंगलवार, 29 जनवरी 2019

# वृद्धावस्था में होने वाली मानसिक बीमारियों पर डॉ. शर्मा ने डाला प्रकाश




**जोधपुर।** प्रौढ़ सतत एवं आजीवन शिक्षा विभाग जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय तथा केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक महा समिति के संयुक्त तत्वावधान में गांधी भवन में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में वृद्धावस्था के साथ होने वाली मानसिक बीमारियों पर डॉ नगेन्द्र शर्मा ने व्याख्यान दिय। उन्होंने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ मस्तिष्कीय कार्यप्रणाली में भी परिवर्तन शुरू हो जाते हैं और लगातार होने वाले विभिन्न रासायनिक क्रिया एहारमोन व न्यूरो ट्रांसमीटर के स्त्राव में कमी के कारण बढ़ती उम्र के साथ विभिन्न बीमारियाँ पैदा होने लगती हैं। उनमें से मुख्य हैं पार्किंसन एडिमेन्शिया एएलजाइमर्स आदि हैं। डॉ शर्मा ने इन बीमारियों के बारे में विस्तार से समझाते हुए इनके लक्षण, उपचार व निदान पर प्रकाश डाला। इन बीमारियों से बचने के लिए उम्र के साथ संतुलित भोजनए व्यायाम व अन्य बीमारियां जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप को नियंत्रित रखना चाहिए। वरिष्ठनागरिकों के सवालों के जवाब भी डा. नगेन्द्र शर्मा ने दिए। डॉ ओमप्रकाश टाक ने डॉ. नगेन्द्र शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि ये जानकारियाँ आम और वृद्ध नागरिकों के लिए लाभप्रद हैं। भविष्य में भी ऐसे व्याख्यानों का आयोजन किया जाएगा। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

Deptt. of Adult & Continuing Education
Jai Narain Vyas University
JODHPUR-342 005 (Raj.)

2019-20

...पुर, 08.02.2020
...TERTAINMENT
पत्रिका PLUS

## गांधी जीवनी पर डॉक्यूमेन्ट्री का प्रदर्शन



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर ◆ महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को महर्षि दधीचि महिला महाविद्यालय में गांधीजी की जीवनी पर आधारित डॉक्यूमेन्ट्री का प्रदर्शन किया गया। संस्थान प्रवक्ता आशुतोष दाधीच ने बताया कि जेएनवीयू राजनीति विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं सिंडीकेट सदस्य डॉ. पीएस भाटी, प्रौढ़ एवं सतत् शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओपी टाक एवं संस्थान के सचिव राजेन्द्र प्रसाद दाधीच के निर्देशन में फिल्म का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्या डॉ. ज्योति गोस्वामी ने गांधीजी की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय व्याख्याता डॉ. सुनिता घेनवाल, डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. धीरेन्द्र वैष्णव, राजेश कसारा, भगवत दायमा, मिथिलेश सिंह, किरण सिंह, पूजा कुमावत उपस्थित थे।

जोधपुर सिटीजन
जोधपुर, रविवार, 09 फरवरी, 2020 SUNDAY राजस्थान पत्रिका

## फिल्म के जरिए दिखाया गांधी का जीवन चरित्र

### गांधीजी की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



जोधपुर ◆ महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती वर्ष के कार्यक्रमों की कड़ी में शनिवार को महर्षि दाधिच महिला महाविद्यालय में गांधीजी की जीवनी पर आधारित डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

संस्थान के प्रवक्ता आशुतोष दाधिच ने बताया कि देश में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर उनके प्रेरक प्रसंगों और जीवनी के जीवंत कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में जयनारायण व्यास विवि के राजनीति विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं सिंडीकेट सदस्य डॉ. पी.एस. भाटी, प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओ.पी. टाक एवं संस्थान के सचिव राजेन्द्र प्रसाद दाधिच के निर्देशन में महात्मा गांधी की जीवनी पर बनी एक डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म का प्रदर्शन किया। इस डॉक्यूमेन्ट्री के माध्यम से छात्राओं को गांधीजी की जीवनी को जानने का अवसर मिला। कॉलेज के प्राचार्या डॉ. ज्योति गोस्वामी ने कहा कि गांधीजी के जीवन से हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की सीख मिलती है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पी.एस. भाटी ने भी गांधीजी के आदर्शों को आज के समय में प्रासंगित बताया। संस्थान सचिव राजेन्द्र प्रसाद दाधिच ने संबोधित करते हुए गांधीजी के सरल व सादगीपूर्ण जीवन को अपनाने की बात कही।

इस दौरान डॉ. ओ.पी. टांक, व्याख्याता डॉ. सुनिता घेनवाल, डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. धीरेन्द्र वैष्णव, राजेश कंसारा, भगवत दायमा, मिथिलेश सिंह, किरण सिंह व पूजा कुमावत उपस्थित रहे।

2019-20

Deptt. of Adult & Continuing Education
Jai Narain Vyas University
JODHPUR-342 005 (Raj.)

दैनिक नवज्योति
dainiknavajyoti.com
जोधपुर
सोमवार, [illegible] मार्च, 2020
83
रंगोत्सव की सभी को शुभकामनाएं
जोधपुर

# काव्य गोष्ठी में बयां की महिलाओं की स्थिति

**नवज्योति/जोधपुर।**

महिला अध्ययन केन्द्र तथा सतत, प्रौढ एवं आजीवन शिक्षा विभाग जेएनवीयू के संयुक्त तत्त्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर काव्य-गोष्ठी का आयोजन हुआ।

जिसमें शहर की कवयित्रियों व कवियों ने नारी केन्द्रित कविताओं से महिला-सशक्तिकरण का बिगुल बजाया। मुख्य अतिथि डॉ. पदमजा शर्मा ने अपनी कविता सौ बार मरती है, तब जाकर और सवाल करती है, सुना दाद लूटी। कविता के साथ उन्होंने ऐसी अनेक कठिनाईयों का संकेत किया जो स्त्री के स्वाभिमान पर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं। अध्यक्षता करते हुए प्रो. कैलाश कौशल ने कहा, स्त्री ईर्ष्या, घृणा, उपेक्षा की खरपतवार सब अवरोधों को कर पार, हरबार नई इबारत लिख रही है। जीवन जीने के नए ढब गढ़ रही है। महिला अध्ययन केन्द्र की निदेशक प्रो. सरोज कौशल ने कहा, हे आचार्य! हम नहीं हैं, ऐनी, मैनी, पिकनैनी, हम नहीं हैं लज्जा की मूर्तिभर और केवल अनुगमन करना, नहीं है हमारा कर्तव्य। इस कविता के माध्यम से उन्होंने अनेक अप्रासंगिक परंपराओं पर प्रश्नचिन्ह लगाया। डॉ. ओपी टाक ने कुंवर नारायण की समझदार स्त्री कविता का वाचन करते हुए कहा, उनके मन में नकली हमदर्दी और असली कौतुहल है, कि देखें उसमें कितना आत्मबल है।

रेणु वर्मा ने कहा, महिला दिवस केवल एक दिन का ही उत्सव नहीं होना चाहिए।

*एक दिन का शौर*
*बाद में वहीं के वहीं।*
*मंच पर बड़ी बातें*
*घर में नहीं के नहीं।*
*मैं गलत हर मोड़ पर*
*तुम सही के सही।*

मधुर परिहार ने कहा कि खुद पर गौरव मैं करती हूँ। बल/पर अपने दम भरती हूं। अंगारों पर चलकर भी, अब तो मैं ना जलती हूं। डॉ. पुष्पा गुप्ता ने धरती और स्त्री का सादृश्य प्रस्तुत कर कविता में दाला। डॉ. नीतेश व्यास ने ऊन के गोले, सिलाइयों से स्वेटर बुनती मां, संयुक्त परिवार का स्नेह के साथ अनेक भावों को कविता में पिरोया। डॉ. शरदचन्द्र भाटी ने गार्गी, अपाला घोषा के माध्यम से समकालीन स्त्री-पर्यन्त महिला सशक्तिकरण की भास्कर परंपरा का यशोगान किया। डॉ. हितेन्द्र गोयल, डॉ. दीप्तिकुल श्रेष्ठ, वीजा चूंडावत, प्रो. मीना बर्डिया, तारा प्रजापत, दीवा मेहता, दशरत सोलंकी, पूनम जायसवाल 'अदा', इश्राकुल माहिर निरंजन कंवर ने कविताओं के माध्यम से अनेक पक्षों को उकेरा। कार्यक्रम में प्रो. नरेन्द्र मिश्र, प्रो. सतीश हरीत, डॉ. छैलसिंह, डॉ. महेश परिहार, डॉ. राजू प्रकाश राठी, हबीब कैफी, प्रो. कमल मोहनोत उपस्थित थे।


Hdm/ Cam.

2019-20

Deptt. of Adult & Continuing Education
Jai Narain Vyas University
JODHPUR-342 005 (Raj.)

दैनिक नवज्योति
जोधपुर, मंगलवार 27. 08. 2019 | 13

# महावीर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देखी बापू के जीवन पर बनी डॉक्यूमेंट्री



जोधपुर/नवज्योति। अजीत कॉलोनी स्थित महावीर पब्लिक स्कूल में गांधी शान्ति प्रतिष्ठान केन्द्र के डा. ओपी टाक की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर केन्द्रित वृत्तचित्र (डाक्यूमेंट्री) का प्रदर्शन स्कूल ऑडिटोरियम में किया गया। फिल्म में उस समय की घटनाओं व चित्रों को नवीन टेक्नोलॉजी के साथ दर्शाया गया। टाक ने गांधी जी का जीवन संदेश पुस्तिका की प्रतियां भी विद्यालय को भेंट की। प्राचार्या स्वाति मेहता ने बताया कि इस फिल्म में गांधीजी के बचपन एवं किशोरावस्था के साथ ही जीवन के सभी पड़ावों के साथ स्वाधीनता संग्राम के विभिन्न आयामों को प्रदर्शित किया गया है। सह सचिव रचना कानूंगा ने कहा कि जिस प्रकार गांधीजी सत्य व अहिंसा पर चला देते [illegible] एवं औरों को भी इसके लिए प्रेरित करते तथा उन्होंने अपने जीवन में [illegible] को आड़े नहीं आने दिया। ठीक उसी प्रकार हमें भी उसी पथ पर चलकर एक मजबूत हिन्दुस्तान बनाने का प्रयास कर गांधीजी का सपना पूरा करना चाहिए।



जोधपुर। महावीर पब्लिक स्कूल में सोमवार को गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र के डॉ. ओपी टाक की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर केन्द्रित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इसमें उस समय की घटनाओं व चित्रों को नवीन टेक्नोलॉजी के साथ दर्शाया गया। टाक ने 'गांधी जी का जीवन संदेश' पुस्तिका की प्रतियां भी भेंट की। प्राचार्या स्वाति मेहता ने बताया कि, डॉक्यूमेंट्री में गांधीजी के बचपन एवं किशोरावस्था के साथ ही जीवन के सभी पड़ावों के साथ स्वाधीनता संग्राम के विभिन्न आयामों को प्रदर्शित किया गया। सह सचिव रचना कानूंगा ने कहा कि हमें भी सत्य व अहिंसा की राह पर चलकर एक मजबूत हिंदुस्तान बनाने का प्रयास कर गांधीजी का सपना पूरा करना चाहिए।

दै० भास्कर - 27/8/2019

DEPARTMENT OF ADULT & CONTINUING EDUCATION
JAI NARAIN VYAS UNIVERSITY, JODHPUR
ARTS & SOCIAL SCIENCE WING, NEW CAMPUS, JODHPUR 342005 (RAJ.)

---

**This is to Certify that the information given below is correct.**

## EXTENTION ACTIVITIES
## WORK DONE REPORT
## 1st April 2020 to 31 March 2021

| S. No. | Programme | Date | Target Group | No. of Participants Approx | Collaborative Agency |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Extention Lecture | 22-07-2020 | Students | 100 | Mand Sansthan,Music Deptt.JNVU, Jodhpur |
| 2. | Capacity Building Training workshop | 27-07-2020 | Students | 100 | Lucky Institution of Management, Jodhpur |
| 3. | Capacity Building Training workshop | 29-07-2020 | Students | 100 | Lucky Institution of Management, Jodhpur |
| 4. | Skill increasing Training workshop & Gandhi Documentary Film show | 27-08-2020 | Students | 100 | G.D. Memorial College, Jodhpur |
| 5. | Extention Lecture | 29-08-2020 | Students | 100 | G.D. Memorial College, Jodhpur |
| 6 | Capacity Building Training workshop | 05-11-2020 | Students | 100 | S.P.S.P. Suraj Raj RupaDevi Mahila Mahavidhyalay |
| 7 | Skill increasing Training workshop | 12-12-2020 | Students | 110 | Sumer Mahila Mahavidyalay |
| 8 | Skill increasing Training workshop | 13-12-2020 | Students | 110 | Sumer Mahila Mahavidyalay |
| 9 | Capacity Building Training workshop | 17-01-2021 | Students | 100 | Women Study Centre J. N. V. U. Jodhpur |
| 10 | Extention Lecture | 19-01-2021 | Students | 100 | Women Study Centre J. N. V. U. Jodhpur |
| 11 | Extention Lecture | 28-02-2021 | Social Workers | 100 | Gandhi Shanti Pratisthan, Jodhpur |
| 12 | Capacity Building Training workshop | 12-03-2021 | Students | 100 | B.Ed. Collage J N V U, Jodhpur |
| 13 | Capacity Building Training workshop | 13-03-2021 | Students | 100 | B.Ed. Collage J N V U, Jodhpur |
| 14 | Extention Lecture & Poets meet | 08-03-2021 | Local Writers | 100 | Women Study Centre J. N. V. U. Jodhpur |
| | | | Total | 1420 | |

DEPARTMENT OF ADULT & CONTINUING EDUCATION
JAI NARAIN VYAS UNIVERSITY, JODHPUR
ARTS & SOCIAL SCIENCE WING, NEW CAMPUS, JODHPUR 342005 (RAJ.)

---

**This is to Certify that the information given below is correct.**

**EXTENTION ACTIVITIES**
**WORK DONE REPORT**
**1st April 2021 to December 2021**

| S.No. | Programme | Date | Target Group | No. of Participants | Collaborative Agency |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Capacity Building Training workshop | 19-07-2021 | Students | 75 | Lucky Institution of Management, Jodhpur |
| 2. | Capacity Building Training workshop | 20-07-2021 | Students | 75 | Lucky Institution of Management, Jodhpur |
| 3. | Capacity Building Training workshop | 22-07-2021 | Students | 75 | Lucky Institution of Management, Jodhpur |
| 4. | Capacity Building Training workshop | 02-08-2021 | Students | 70 | Sumer Mahila Mahavidyalay |
| 5. | Capacity Building Training workshop | 03-08-2021 | Students | 70 | Sumer Mahila Mahavidyalay |
| 6 | Extention Lectures on Azadi ka Amrit Mahotsav | 11-09-2021 | Local Community | 40 | Gandhi Shanti Pratisthan, Jodhpur |
| 7 | Extention Lectures on Azadi ka Amrit Mahotsav | 12-09-2021 | Local Community | 40 | Gandhi Shanti Pratisthan, Jodhpur |
| 8 | Skill increasing Training workshop | 17-09-2021 | Students | 60 | S.P.S.P. Suraj Raj RupaDevi Mahila Mahavidhyalay |
| 9 | Skill increasing Training workshop | 18-09-2021 | Students | 60 | S.P.S.P. Suraj Raj RupaDevi Mahila Mahavidhyalay |
| 10 | Gandhi Jayanti Week | 02-10-2021 | Local Community | 55 | Gandhi Shanti Pratisthan, Jodhpur |
| 11 | Gandhi Jayanti Week | 03-10-2021 | Local Community | 40 | Gandhi Shanti Pratisthan, Jodhpur |
| 12 | Gandhi Jayanti Week | 04-10-2021 | Local Community | 45 | Gandhi Shanti Pratisthan, Jodhpur |
| 13 | Gandhi Jayanti Week | 05-10-2021 | Students | 90 | Bal Niketan Vidyalay |
| 14 | Gandhi Jayanti Week Poets Meet | 06-10-2021 | Local Poets | 90 | Gandhi Shanti Pratisthan, Jodhpur |
| 15 | Gandhi Jayanti Week | 07-10-2021 | Students | 110 | Dr. B.R.Ambedkar Residencial School |
| 16 | Gandhi Jayanti Week Closing Ceremony | 08-10-2021 | Local Community | 75 | Gandhi Shanti Pratisthan, Jodhpur |
| 17 | Extention Lecture | 09-10-2021 | Students | 50 | Music Department J.N.V.University |
| 18 | Capacity Building Training workshop | 25-10-2021 | Students | 120 | Mahalaxmi Girls T.T. Collage Jodhpur |
| 19 | Capacity Building Training workshop | 26-10-2021 | Students | 120 | Mahalaxmi Girls T.T. Collage Jodhpur |
| 20 | Extention Lecture | 18-12-2021 | Senior Citizens | 90 | Kendriya Nagarik Mahasamiti Raj. Jodhpur |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1. Students<br>2. Others | 975<br>475 | | | |
| | Total | 1450 | | | |

# Fwd: BRIEF NOTE ON DEPARTMENT OF ADULT EDUCATION

1 message

**OM PRAKASH TAK** <op.tak.jdr@gmail.com> Wed, Jan 5, 2022 at 8:28 AM
To: jnvunaac.2020@gmail.com

---------- Forwarded message ---------
From: **OM PRAKASH TAK** <op.tak.jdr@gmail.com>
Date: Sat, 13 Feb, 2021, 2:06 pm
Subject: Re: BRIEF NOTE ON DEPARTMENT OF ADULT EDUCATION
To: Vice Chancellor <vc@jnvu.edu.in>

The department has been functioning since 1990.The main focus of department is to promote life long learning activities and institutionalise and strengthen Extention as third diamension of higher education in our University.

The department organizing many activities for different section of society, specially for students and non student youth in every academic year like awareness programs, soft skills training workshops, film shows, extention and experience sharing lectures, publication of pamphlet etc. Department also provide academic support to local NGO'S.Department also develops academic programs as certificate courses on soft skills and population education.

The department wish to play a major role in the development of the human resources specially providing soft skilled manpower in the area of life long learning.

On Thu, 11 Feb, 2021, 2:54 pm Vice Chancellor, <vc@jnvu.edu.in> wrote:

> Sir,
>
> As directed, kindly provide a brief note on the Department of Adult Education, an early date.
>
> --
>
> ~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~
>
> ***Vice-Chancellor's Secretariat***
>
> ***Jai Narain Vyas University***
>
> ***Jodhpur 342 011, Rajasthan, India***
>
> ***Phone +91-291-2432947, FAX +91-291-2649465***
>
> ***Website. www.jnvu.edu.in***
>
> ~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~
>
> **This email and any attached files are confidential and intended solely for the intended recipient(s). If you are not the named recipient you should not read, distribute copy or alter this email. Any views or opinions expressed in this email are those of the author and do not represent those of the organization.**
>
> **Warning: Although precautions have been taken to make sure no viruses are present in this email, the organization cannot accept responsibility for any loss or damage that arise from the use of this email or attachments.**